(घ) यदि हां, तो इस मांग को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किए जा रहे हैं ?

विद्युत और गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री कल्पनाथ राय) : (क) और (ख) अप्रैल, 91–जून, 91 की अवधि के दौरान पंजाब में ऊर्जा की आवश्यकता 4288 मि० यूनिट थी जिसकी तुलना में उपलब्धता 4127 मि० यूनिट थी इसके परिणामस्वरूप 161 मि० यूनिट (3.8%) की कमी रही ।

(ग) 1991–92 के दौरान पंजाब में प्रत्याशित व्यस्ततम कालीन मांग/भार लगभग 3286 मे०वा० होगा ।

(घ) विद्युत की उपलब्धता में सुधार करने के लिए किए गए विभिन्न उपायों में ये शामिल हैं ; नई विद्युत उत्पादन क्षमता को शीघ्र चालू करना, लघु निर्माण-अवधि वाली परियोजनाओं को क्रियान्वित करना, विद्यमान विद्युत केन्द्रों के कार्य-निष्पादन में सुधार करना, पारेषण एवं वितरण हानियों की मात्रा को कम करना, मांग प्रबंध एवं ऊर्जा संरक्षण उपायों को लागू करना तथा अधिशेष वाले क्षेत्रों से कमी वाले क्षेत्रों को उर्जा के अंतरण की व्यवस्था करना ।

सामान की ढुलाई के लिए अलग विमान

978. **श्री राम जेठमलानी :**
श्री रणजीत सिंह :

क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने देश में माल की ढुलाई के लिए विमानों के एक अलग बेड़े की व्यवस्था करने का निर्णय किया है और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है; और विमानों द्वारा माल की ढुलाई कब से आरंभ हो जाने की संभावना है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधव राव सिंधिया) : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

कच्चे तेल के मूल्य में वृद्धि

979. **श्री राम जेठमलानी :**
सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में उत्पादित कच्चे तेल के मूल्य में वृद्धि करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ;

(ख) यदि हां, तो सरकार सिफारिशों के अनुसार कच्चे-तेल के मूल्य में कितनी वृद्धि करने का विचार रखती है ;

(ग) कच्चे-तेल के मूल्यों में वृद्धि करने के क्या कारण हैं ;

(घ) क्या सरकार ने देश में उत्पादित कच्चे तेल की लागत का मूल्यांकन कर लिया है; और

(ङ) यदि हां, तो कच्चे-तेल की उत्पादन लागत कितनी है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी. शंकरानन्द) : (क) से (ङ) इस संबंध में तेल मूल्य पुनरीक्षा समिति (ओ पी आर सी) की सिफारिशों की जांच की जा रही है ।